संख्या–cm-619
13/12/2023

# मुख्यमंत्री ने देकुली धाम के विकासात्मक कार्यों का किया शिलान्यास, बस स्टैंड निर्माण तथा सात निश्चय–2 के तहत शिवहर नगर क्षेत्र अन्तर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के निर्माण कार्य का भी किया शिलान्यास

पटना, 13 दिसम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शिवहर जिला समाहरणालय परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 रघुनाथ झा की आदमकद प्रतिमा का रिमोट के माध्यम से अनावरण किया तथा पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने शिवहर जिला अतिथि गृह में निर्मित होनेवाले अतिरिक्त कमरों का शिलान्यास किया तथा शिवहर नगर परिषद् में बस स्टैंड के निर्माण तथा सात निश्चय–2 के तहत शिवहर नगर क्षेत्र अन्तर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज के निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान अधिकारियों ने शिवहर बस स्टैंड में उपलब्ध होने वाले जनसुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने शिवहर बस स्टैंड के परिसर का मुआयना कर कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। शिवहर नगर परिषद् के चेयरमैन श्री राजन नंदन सिंह के परिजनों द्वारा शिवहर बस स्टैंड के लिए जमीन दान की गई है, जिसके लिए मुख्यमंत्री ने श्री राजन नंदन सिंह को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने श्री राजन नंदन सिंह के आग्रह पर उनके दादा स्व0 कमलेश्वरी नंदन सिंह के नाम पर शिवहर बस स्टैंड का नामकरण करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात् देकुली धाम पहुंचकर मुख्यमंत्री ने बाबा भुवनेश्वर नाथ की पूजा अर्चना की एवं राज्य की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने देकुली धाम में 11.29 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटकीय सुविधाओं के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने साइट प्लान के माध्यम से देकुली धाम में उपलब्ध कराई जानेवाली पर्यटकीय सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत रुप से अवगत कराया। देकुली धाम परिसर में स्थित तालाब का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जल–जीवन–हरियाली योजना के तहत तालाब का सौंदर्यीकरण ठीक ढंग से कराएं। इसके चारों तरफ घाट का निर्माण कराएं ताकि यहां आनेवाले श्रद्धालुओं को पूजा–अर्चना करने में सहूलियत हो। वर्ष 2019 से जल–जीवन–हरियाली अभियान के तहत सभी जगह तालाबों के जीर्णोद्धार का काम कराया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान पर्यटन विभाग द्वारा देकुली धाम में उपलब्ध कराई जानेवाली पर्यटकीय सुविधाओं के विकास पर आधारित लघु फिल्म मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शित की गई। देकुली धाम प्रबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह् भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

देकुली धाम के विकासात्मक प्रस्तावित योजना में मंदिर के चारों दिशा में द्वार का प्रावधान किया गया है। मुख्य द्वार पश्चिम की तरफ से तालाब के समीप किया गया है, जहां से श्रद्धालू जल लेकर जलाभिषेक के लिए मंदिर में प्रवेश करेगें। मंदिर परिसर के पूरे क्षेत्र में नये फ्लोर का निर्माण का प्रावधान है। मंदिर परिसर में एक (G+1) भवन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके भूतल पर सामुदायिक कार्यों/सेवाओं हेतु कमरे तथा ऊपरी तल पर डॉरमेटरी का प्रावधान किया गया है। मंदिर परिसर के विपरीत एन0एच0–104 के दूसरे तरफ पार्किंग हेतु चिन्हित स्थल पर पेवर ब्लॉक के साथ फ्लोर तथा चहारदीवारी का प्रावधान भी किया गया है। इसी परिसर में जन–सुविधाओं का भी प्रावधान है।

इस अवसर पर बिहार विधान परिषद् के सभापति श्री देवेश चंद्र ठाकुर, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, विधायक श्री चेतन आनंद, विधायक श्री संजय कुमार गुप्ता, विधान पार्षद श्री खालिद अनवर, विधान पार्षद श्रीमती रेखा कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पर्यटन विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, तिरहुत प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज सिन्हा, शिवहर के जिलाधिकारी श्री पंकज कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अनंत कुमार राय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

******